महत्वपूर्ण एवं खास

जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 24 नवम्बर को

रायगढ़। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में हितग्राहियों के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 24 नवम्बर 2022 को दोपहर 2 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष आयोजित की जाएगी।

पांचवी मंजिल से कुदा युवक, उपचार के दौरान मौत

रायपुर (आरएनएस)। बुधवार को राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की पांचवी मंजिल से कुदकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की गुरूवार को उपचार को दौरान मौत हो गई। युवक बस्तर का रहने वाला था जो यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात डीडी थानाक्षेत्र के इंद्रप्रस्थ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाला युवक रूपेश बघेल 21 वर्ष बुधवार रात को आत्महत्या करने के लिए बिल्डिंग की पांचवी मंजिल से कूद गया था जिसे गंभीर अवस्था में एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां गुरूवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक मूलत: बस्तर का रहने वाला था जो पढ़ाई करने के लिए रायपुर आया हुआ था। बताया जाता है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस ने मर्ग पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

दो ट्रकों की भिड़ंत में एक चालक की मौत, दूसरा घायल

बालोद (आरएनएस)। गुरूवार को डौंडी थाना क्षेत्र के चोरहपडाव ढाबा मोड़ के पास हुए दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत में एक चालक की मौत हो गई वहीं दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में भिर्ती किया गया है। इस हादसे में मृतक ट्रक चालक करीब 3 घंटे तक ट्रक में फंसा रहा जिसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह डौंडी थाना क्षेत्र के चोरहपडाव ढाबा मोड़ के पास भानुप्रतापपुर की तरफ से आयरन भरकर आ रही ट्रक सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए तथा भानुप्रतापपुर की तरफ से आ रही ट्रक के ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। हादसे में मृतक करीब तीन घंटे तक ट्रक में फंसा रहा। वहीं दूसरे ट्रक का चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डौंडी पुलिस ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मृतक ड्राइवर को ट्रक से बाहर निकाला। इस घटना के बाद घंटों जाम लगा रहा।

कैप्सूल की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवाडीह के पास एक तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद कैप्सूल वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक हादसे में बाइक सवार बुंदेली निवासी फुलेश्वर सिंह और जेंजरा निवासी मुकेश कुमार की मौत हुई है। बाइक सवार जेंजरा से बांकी मोंगरा स्थित बुंदेली जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। बताया जा रहा कि मृतक दोनों युवक रिश्तेदार हैं। पुलिस ने मृतकों के शव को अस्पताल के मर्चयुरी में रखवाया है। पुलिस आरोपी कैप्सूल वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

बस्तरिया नृत्य ने मन मोहा

नगरी (आरएनएस)। विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव 2022 में लोकनृत्य अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फ रसियां के छात्रों ने बस्तरिया नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया। प्रीतम कश्यप एवं साथियों की मोहक प्रस्तुति पर विद्यालय के प्राचार्य एम एल नेताम कार्यक्रम अधिकारी नीरज सोन, क्रीड़ा प्रभारी यशपाल साहू सहित संस्था के शिक्षकों ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दिए हैं।

किसानों से अब तक 7.37 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

- 2.26 लाख किसानों को 1566.61 करोड़ रुपए का भुगतान
- कस्टम मिलिंग के लिए 2.05 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ ग्रामीण क्षेत्रों में किसान उत्साह के साथ धान खरीदी केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। धान बेचने के लिए अब उन्हें लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान बेचने वाले किसानों को अग्रिम में टोकन दिया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप किसानों का धान सुविधाजनक ढंग से खरीदने का काम हो रहा हैं। धान खरीदी के साथ-साथ लगातार कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव भी चल रहा है। धान खरीदी सीजन के 17वें दिन शाम साढ़े 5 बजे तक किसानों से समर्थन मूल्य पर 7 लाख 36 हजार 475 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 नवंबर से चालू धान खरीदी सीजन में अब तक लगभग 2 लाख 25 हजार 815 किसानों से 7 लाख 36 हजार 475 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। धान के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 1566.61 करोड़ रुपये का भुगतान जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 110 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए प्रदेश में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.18 लाख नये किसान है। राज्य में धान खरीदी के लिए 2538 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस साल किसानों से सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए

प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि आज 17 नवम्बर को 26 हजार 469 किसानों से 85 हजार 046 मीट्रिक टन धान तथा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 13 हजार 276 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इसके लिए किसानों को आज 32 हजार 993 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप्प के द्वारा 4077 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए राज्य में धान उपार्जन के लिए 39 हजार 963 टोकन तथा तुंहर हाथ एप के जरिये 5114 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य में धान खरीदी निर्बाध रूप से जारी है। अधिकारी धान खरीदी व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखे हुए हैं। सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट के जरिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

खाद्य सचिव वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव हो रहा है। अब तक 5 लाख 20 हजार 565 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किए गए हैं। जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 2 लाख 04 हजार 491 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

कलेक्टर ने धनेली के शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालक एजेंसी को किया निलंबित

बालोद (आरएनएस)। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनेली के शासकीय उचित मूल्य दुकान का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने राशन दुकान संचालक से राशन वितरण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित राशनकार्डधारियों से समय पर राशन मिलने की जानकारी ली गई। ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान संचालक द्वारा 17 रूपये किलोग्राम शक्कर के लिए 20 रूपये लिया जाता है। उक्त शिकायत पर कलेक्टर शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खाद्य अधिकारी बालोद को निर्देशित किया तत्काल उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच कराई जाए तथा अनियमितता बरतने पर निलंबित किया जाए। कलेक्टर के आदेश के परिपालन में सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक गुरूर द्वारा जांच किये जाने पर शक्कर 17 रू. प्रतिकिलो के स्थान पर 20 रू.प्रतिकिलो लिये जाने के साथ-साथ विक्रेता के द्वारा राशन कार्ड में शक्कर प्रदाय की मात्रा दर अंकित नहीं किया जाता है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रकरण में संचालक एजेंसी के द्वारा छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 11 (3) 14 एवं 15 में वर्णित प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के कारण निलंबित की जाकर शासकीय उचित मूल्य की दुकान भोथली में अस्थाई रूप से संलग्न किया गया है।

घरेलू नल कनेक्शन की बढ़ाए संख्या -कलेक्टर रानू साहू

- कलेक्टर साहू ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि टेंडर और कार्यों में तेजी लाने के साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि 774 ग्राम पंचायतों के लिए 1406 ग्राम के लिए 3 लाख 11 हजार 122 एफएचटीसी की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिसमें 1089 ग्राम के लिए 2 लाख 41 हजार 922 एफएचटीसी के लिए टेंडर जारी

किया गया है, इसी प्रकार 672 गांवों के लिए 1 लाख 28 हजार 858 के लिए वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। साथ ही 656 गांव के लिए 01 लाख 24 हजार 132 एफएचटीसी कार्य शुरू हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ ब्लॉक अंतर्गत भेलवा टिकरा संबलपुरी द्वारा 29, पुसौर ब्लाक में कलमा कोड़ातराई द्वारा 48, तमनार ब्लाक अन्तर्गत 54 गावों को कवर किया जा रहा है। उन्होंने कहा की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी संचालित की जा रही है। जिससे लोगों में जल संचयन और उपयोगिता के साथ जल के अपव्यय के हानिकारक परिणामों को लेकर जागरूक हो सके।

कलेक्टर साहू को ईई पीएचई चौधरी ने विभागीय कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिन स्थानों से शिकायत आ रही है, उनके सामानों को रिजेक्ट कर नए सामान लगवाए जा रहे है। इसी प्रकार उपकरणों की गुणवत्ता के लिए विशेष टीम लगी हुई है। जिन स्थानों में फ्लोराइड अधिक है वहां फ्लोराइड निवारण संयंत्र लगाकर शुद्ध पेयजल प्रदान किया जा रहा है। ऐसे 17 स्थानों पर फ्लोराइड निवारण संयंत्र लगाए गए है। कलेक्टर साहू ने बाकि प्रभावित क्षेत्रों में भी प्राथमिकता से फ्लोराइड निवारण संयंत्र लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि टीम बनाकर योजनाबद्ध तरीके से पूरी गुणवत्ता के साथ विभागीय कार्यों का जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

सेमरहा में हाथियों ने फिर चार मवेशियों मार डाला

कोरबा (आरएनएस)। झुंड में शामिल शावक की पसान रेंज के बनिया गांव में मौत के बाद आक्रोशित हुए हाथियों का गुस्सा लगातार मवेशियों पर उतर रहा है। अब तक केंदई रेंज में ये हाथी अपना गुस्सा उतारकर मवेशियों को मौत की नींद सुला रहे थे। अब इस दल में से 35 हाथी अलग होकर एक बार फिर पसान रेंज पहुंच गए हैं। बीती रात यहां पहुंचते ही हाथियों ने जल्के सर्किल के सेमरहा गांव में हमला कर चार मवेशियों को मौत के घाट उतार दिया तथा बड़ी मात्रा में ग्रामीणों की फसल भी रौंद दी। हाथियों के अचानक पहुंचने व उत्पात मचाते हुए चार मवेशियों को मौत के घाट उतारे जाने तथा व्यापक पैमाने पर फसल रौंदने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आंकलन शुरू कर दिए हैं। वहीं मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम भी कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के लालपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे 44 हाथियों के दल में से 35 हाथी बीती रात झुंड से अलग होकर पसान रेंज पहुंच गए और आधी रात के बाद जल्के सर्किल के सेमरहा गांव में पहुंचकर भारी उत्पात मचाने लगे। हाथियों का उत्पात काफी देर तक चला। इस दौरान हाथियों ने घासीराम पिता महावीर के बाड़ी में घुसकर वहां बंधे तीन भैंसों को निशाना बनाते हुए हमला किया और मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं हाथियों ने पास में लगे बनवारी पिता जनसाय नामक ग्रामीण के बाड़ी में प्रवेश कर वहां बंधे बैल को भी सूंड से उठाकर पटक दिया। जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ गए। बस्ती में उत्पात मचाने के बाद भी जब हाथियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो वे खेतों में पहुंच गए और वहां भी जमकर उत्पात मचाते हुए व्यापक पैमाने पर फसलों को चौपट कर दिया। सेमरहा गांव में हाथियों के उत्पात की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह गांव पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किये गए नुकसानी का सर्वे प्रारंभ कर दिया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथियों के हमले में चार मवेशियों मौत हुई है जिसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही की जाएगी।

श्रमिक सम्मेलन का आयोजन 19 नवम्बर को, उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल होंगे मुख्य अतिथि

- छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) सुशील सन्नी अग्रवाल करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

रायगढ़। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ जिले के श्रमिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने एवं नये श्रमिकों का पंजीयन हेतु श्रमिक सम्मेलन का आयोजन 19 नवम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में होगा। कार्यक्रम में अध्यक्षता अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा)छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल सुशील सन्नी अग्रवाल करेंगे। इस मौके पर धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार, सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं महापौर नगर निगम जानकी काटजू विशिष्ट अतिथि होंगे। सहायक श्रमायुक्त, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिक सम्मेलन के दौरान पंजीकृत श्रमिकों को योजनान्तर्गत लाभान्वित किया जाकर चेक वितरण किया जाएगा। साथ ही श्रमिक पंजीयन काउंटर का भी उद्घाटन होगा। अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा)छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल सुशील सन्नी अग्रवाल 19 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से नगर पालिक निगम रायगढ़ के सभाकक्ष में महापौर एवं पार्षदों के साथ मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करेंगे।

ट्रैक्टर चोरी के फरार आरोपी को खरसिया पुलिस गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। दिनांक 17.11.2022 को खरसिया पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चोरी के आरोपी राकेश गबेल (19 साल) निवासी छतौना, थाना मालखरौदा, जिला सक्ती को खरसिया न्यायालय के बाहर घूमते हुए मुखबिर सूचना पर पकड़ा गया जिसे इस्तगासा धारा 41(1+4)CrPC/379,34 IPC के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 09.11.2022 को खरसिया पुलिस द्वारा नया चोढा चौक में नाकेबंदी कर मुखबिर की सूचना पर सक्ती की ओर से ट्रैक्टर चोरी कर ला रहे आरोपी अजय डनसेना उर्फ पांडे पिता स्वर्गीय बाबूलाल डनसेना उम्र 25 साल निवासी देहजरी थाना खरसिया को पकड़ा गया था। आरोप अजय डनसेना उर्फ पांडे पर थाना खरसिया में इस्तगासा धारा 41(1+4)CrPC/379,34 IPC के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया था। उसके साथ रहा आरोपी # सुशांत पटैल

उर्फ छगन पिता भूषण उम्र 25 साल निवासी देहजरी थाना खरसिया मौके से फरार हो गया था जिसे दूसरे दिन खरसिया पुलिस द्वारा दबिश देकर पकड़ा गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी सुशांत पटैल बताया कि ग्राम छतौना के रामकुमार वर्मा और राकेश गबेल ट्रैक्टर चोरी कर उससे 17,000 रूपये में बेचने का सौदा तय किये थे। सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर के हमराह स्टाफ आरोपियों के ठिकानों पर खरसिया पुलिस दबिश दी और आरोपी रामकुमार वर्मा पिता मूलचंद उम्र 36 साल निवासी छतौना को हिरासत में लिया गया जिसने राकेश गबेल के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी कर सुशांत पटैल को रु.17,000 में सौदा तय करना कबूल किया। आरोपी राकेश गबेल फरार था, पुलिस लगातार आरोपी पर गिरफ्तारी के लिये दबाव बना रही थी जिसे आज गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

छत्तीसगढ़ पवेलियन में दिख रही गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की झलक

- नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का आयोजन

नईदिल्ली/रायपुर (आरएनएस)। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में लगाए गए छत्तीसगढ़ पवेलियन वर्तमान में देश व विदेश के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। छत्तीसगढ़ पवेलियन में 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की झलक देखने को मिल रही है।

इस बार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ पवेलियन में भी सुदृढ़ ग्रामीण अर्थव्यवस्था व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ को दिखाने का प्रयास किया गया है। यहाँ प्रदर्शनी बोर्ड के माध्यम से आगंतुकों को छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाली योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

पवेलियन में मॉडल के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की नई पहल ग्रामीण औद्योगिक पार्क को प्रस्तुत किया गया है, जो ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर प्रदान कर रहा है। इस योजना के माध्यम से चयनित गौठानों को ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किया गया है। जहां केंचुआ खाद उत्पादन के अलावा मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण जैसी गतिविधियां चल रही है। इस योजना से गौठान से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

इसके साथ ही पवेलियन में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गाँव योजना, नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना को प्रस्तुत किया गया है। इन योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। वहीं, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के स्टॉल पर ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को मॉडल द्वारा प्रदर्शित किया गया है। इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के आंतरिक क्षेत्रों में शत-प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है।

सारंगढ़ के खेल भांठा मैदान में विकास खंड स्तरीय युवा उत्सव का हुआ समापन

- परंपरागत नृत्य एवं लोकगीतों के मनमोहक प्रदर्शन से दर्शक हुए मुग्ध

सारंगढ़-बिलाईगढ़। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सारंगढ़ खेल भांठा मैदान में विकास खंड स्तरीय युवा उत्सव सम्पन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में करमा नृत्य, पंथी नृत्य, लोक नृत्य, तबला वादन, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौंरा, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। युवा उत्सव में लगभग 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा उत्सव में सभी व्यायाम शिक्षकों एवं निर्णायकों ने सराहनीय योगदान दिया। जारी परिणाम के अनुसार वाद-विवाद प्रतियोगिता 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में कुसुम साहू, सारंगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, चित्रकला प्रतियोगिता 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में कोयल मेहर सारंगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता 15-40 पुरुष वर्ग में हेमंत नाइक, सारंगढ़ ने प्रथम स्थान और महिला वर्ग में गायत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा एकांकी नाटक 15-40 वर्ष में हेमंतदास महंत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य 15-40 वर्ष में मेघा राय एवं साथी कन्या शाला, सारंगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत गायन में 15-40 वर्ष प्रथम स्थान युगल दास महंत, रामपुर ने और 40 वर्ष से ऊपर वर्ग में प्रथम स्थान संतराम धृतलहरे, रामपुर ने प्राप्त किया। हारमोनियम 15 से 40 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान कुबेर चरण चौहान, अमझर ने प्राप्त किया। बांसुरी वादन में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान आदित्य देवांगन सारंगढ़ एवं बांसुरी 40 वर्ष से ऊपर वर्ग में प्रथम स्थान हरे कृष्ण तिवारी सारंगढ़ ने प्राप्त किया।

तात्कालिक भाषण-15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में महिला वर्ग में प्रथम स्थान कुसुम साहू सारंगढ़ ने प्राप्त किया। भरतनाट्यम में प्रथम स्थान सारंगढ़ की सुनीता ने प्राप्त किया। तबला वादन 15 से 40 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान तनिष्क चौहान सारंगढ़, 40 वर्ष से ऊपर वर्ग में प्रथम स्थान दुर्गेश देवांगन सारंगढ़ का रहा। ओडिसी 15 से 40 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान पर नंदे सारंगढ़ रहे। सुआ नृत्य में 15 से 40 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान पर सानिया चौहान एवं साथी, कन्या शाला सारंगढ़ रहे। सितार वादन 40 वर्ष से ऊपर वर्ग में प्रथम स्थान पर हरेकृष्ण सारंगढ़ रहे। पंथी नृत्य में 15 से 40 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान पर समीर एवं साथी, सारंगढ़ रहे। करमा नाचा 15 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान पर सेंट थामस रहा एवं करमा नाचा 40 वर्ष से ऊपर वर्ग में प्रथम स्थान पर शिक्षा विभाग सारंगढ़ रहा। गेड़ी दौड़ में 15 से 40 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान पर पूजा साहू हरदी एवं 40 वर्ष से ऊपर वर्ग में मोहन लाल कैवर्त, सारंगढ़ रहे। भौंरा 15-40 वर्ष आयु वर्ग में पूजा साहू हरदी प्रथम स्थान पर रही। फुगड़ी प्रतियोगिता 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर अनिता रहीं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU